# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## अभ्यास प्रश्न पत्र (मध्यावधि परीक्षा)

## सत्रः 2025—26

## कक्षा 9

## सामाजिक विज्ञान

समय 3 घण्टा　　　　　　　　　　　　　　　　　　अधिकतम अंकः 80

**सामान्य निर्देश:**

1. पत्र में कुल 38 प्रश्न है, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है- खंड क: इतिहास, खंड ख: भूगोल, खंड ग: राजनीतिक विज्ञान और खंड घ: अर्थशास्त्र।
3. प्रत्येक खंड 20 अंकों का है और इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न, अति लघु उत्तरीय प्रश्न, लघु उत्तरीय प्रश्न, दीर्घ उत्तरीय प्रश्न और केस आधारित प्रश्न शामिल हैं।
4. अति लघुउत्तरीय प्रश्न प्रत्येक दो अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. लघु उत्तरीय प्रश्न प्रत्येक तीन अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न प्रत्येक पांच अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
7. केस आधारित प्रश्न में तीन उप प्रश्न हैं और ये प्रत्येक चार अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
8. मानचित्र आधारित प्रश्नः पांच अंक के हैं, जिसमें दो भाग हैं- खंड क: इतिहास (दो अंक) और खंड ख: भूगोल (तीन अंक)।
9. प्रश्न पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। हालांकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर देना अनिवार्य है।
10. इसके अतिरिक्त यह नोट करें कि दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए ऐसे प्रश्नों के स्थान पर पृथक प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें दृश्य संकेत या मानचित्र आधारित जानकारी होती है। ऐसे प्रश्नः केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों द्वारा ही हल किए जाने हैं।

| | | |
|---|---|---|
| | **खण्ड क**<br>**इतिहास** | 20 |
| 1. | 1789 में फ्रांसीसी क्रांति से पूर्व फ्रांस में निम्नलिखित में से किसे कर लगाने का अधिकार प्राप्त था?<br>A. फ्रांसीसी सम्राट को<br>B. एस्टेट्स जनरल को<br>C. नेशनल असेंबली को<br>D. जनता को | 1 |
| 2. | फ्रांस की उस मुद्रा का नाम बताइए जिसे 1794 में समाप्त कर दिया गया?<br>A. डॉलर<br>B. रूपया<br>C. येन<br>D. लिव्रे | 1 |
| 3. | गुज्जर बकरवाल घुमंतू चरवाहा समुदाय किस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश के निवासी हैं?<br>A. राजस्थान<br>B. महाराष्ट्र<br>C. मध्यप्रदेश<br>D. जम्मू और कश्मीर | 1 |
| 4. | नीचे दिए गए प्रश्न में, दो कथन दिए गए हैं एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन** (A): जैकोबिन क्लब के सदस्यों को 'सौं कुलात' के नाम से जाना गया। **कारण** (R): जैकोबिन क्लब के सदस्य मुख्यतः समाज के कम समृद्ध हिस्से से आते थे।<br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण (R), संकल्पना (A) की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण (R), संकल्पना (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | 1 |
| 5. | कोंकणी किसान धंगर चरवाहा समुदाय के आगमन से किस प्रकार लाभान्वित होते हैं? | 2 |
| 6. | फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत में मध्यम वर्ग की भूमिका का वर्णन कीजिए। | 3 |
| 7. | **(a)** रोबेस्पयेर के शासनकाल को आंतक का काल क्यों कहा जाता है? वर्णन कीजिए।<br>**अथवा**<br>**(b)** फ्रांसीसी क्रांति का विश्व पर पड़े किन्हीं पाँच प्रभावों की व्याख्या कीजिए। | 5<br><br>5 |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | **दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>हिंदुस्तान में वन-उत्पादों का व्यापार कोई अनोखी बात नहीं थी। मध्यकाल से ही आदिवासी समुदायों द्वारा बंजारा आदि घुमंतू समुदायों के माध्यम से हाथियों और दूसरे सामान जैसे खाल, सींग, रेशम के कोये, हाथी-दाँत, बांस, मसाले, रेशे, घास, गोंद और राल के व्यापार के सबूत मिलते हैं। लेकिन अंग्रेज़ों के आने के बाद व्यापार पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में चला गया। ब्रिटिश सरकार ने कई बड़ी यूरोपीय व्यापारिक कंपनियों को विशेष इलाकों में वन-उत्पादों के व्यापार की **इजारेदारी** सौंप दी। स्थानीय लोगों द्वारा शिकार करने और पशुओं को चराने पर बंदिशें लगा दी गईं। इस प्रक्रिया में मद्रास प्रेसिडेंसी के कोयंबटूर, कच्छा व येरकुन जैसे अनेक चरागाह और घुमंतू समुदाय अपनी जीविका से हाथ धो बैठे। इनमें से कुछ को 'अपराधी कबीलों' का जाने लगा और ये सरकार की निगरानी में खदानों, खानों व बागानों में काम करने को मजबूर हो गए।<br>**प्रश्न:**<br>**8.1: किन वन उत्पादों का व्यापार अंग्रेजों के आगमन से पहले से भी किया जाता था?**<br>**8.2: अंग्रेजों के आगमन के बाद इस व्यापार में क्या परिवर्तन हुए?**<br>**8.3: इन परिवर्तनों का निवासियों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा? व्याख्या कीजिए।** | 4<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1<br>1<br>2 |
| 9. | मानचित्र आधारित प्रश्न 2 अंक<br>फ्रांस के राजनीतिक रेखाचित्र पर दो स्थान A और B के रूप में अंकित किए गए हैं। दिए गए संकेतों के आधार पर इनकी पहचान कीजिए एवं इनके नाम सामने खींची गई रेखा पर लिखिए-<br>(i) फ्रांस की राजधानी<br>(ii) दास व्यापार से सम्बंधित शहर<br><br>नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर हैं।<br>(i) फ्रांस की राजधानी का नाम क्या है?<br>(ii) फ्रांस में दास व्यापार से सम्बंधित एक शहर का नाम लिखिए। | 2x1=2<br><br><br><br><br><br><br><br>1<br>1 |
| | खण्ड ख<br>भूगोल | 20 |
| 10. | नीचे दिए गए प्रश्न में, दो कथन दिए गए हैं एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन** (A): भारत का उत्तरी मैदान अत्यधिक उपजाऊ है।<br>**कारण** (R): भारत के उत्तरी मैदान का सबसे विशालतम भाग खादर वाले इलाके है।<br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण (R), संकल्पना (A) की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण (R), संकल्पना (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | **1** |
| 11. | नीचे दिए गए विशेषताओं के आधार पर विकल्पों में से पहचान कीजिए कि यह भारत का कौन सा भौतिक स्वरूप है? | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | 1. ये प्रायद्वीपीय पठार के किनारे एक संकीर्ण पट्टियों के रूप में स्थित है।<br>2. ये अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक फैले हुए हैं।<br>3. यहाँ बहने वाली नदियों में से एक नदी 'कावेरी' है।<br><br>विकल्प:<br>A. उत्तर के मैदान<br>B. भारतीय मरुस्थल<br>C. तटीय मैदान<br>D. प्रायद्वीपीय पठार | |
| 12. | उचित विकल्प की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।<br>लूनी नदी ................में बहती हैं।<br>**विकल्प**<br>A. भारतीय मरूस्थल<br>B. प्रायद्वीपीय पठार<br>C. उत्तरी मैदानों<br>D. पश्चिमी घाट | **1** |
| 13. | भारत का पूर्वी पड़ोसी देश है-<br>A. नेपाल<br>B. बांग्लादेश<br>C. श्रीलंका<br>D. पाकिस्तान | **1** |
| 14. | सिंधु नदी तंत्र की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। | **2** |
| 15. | भारत के भौगोलिक विस्तार का वर्णन कीजिए। | **3** |
| 16. | **(a)** हिमालय की नदियों की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।<br>**अथवा**<br>**(b)** प्रायद्वीपीय नदियों की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। | **3**<br><br>**3** |
| 17. | **(a)** नदी प्रदूषण को खत्म करने हेतु कुछ सुझाव दीजिए।<br>**अथवा**<br>**(b)** किसी देश की अर्थव्यवस्था में नदियों का महत्व लिखिए। | **5**<br><br>**5** |
| 18. | मानचित्र आधारित प्रश्न 3 अंक<br>भारत के इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिन्हों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए:<br>I. सलाल बाँध<br>II. टिहरी बाँध<br>III. हीराकुड बाँध<br>IV. नागार्जुन सागर बाँध<br>नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर हैं।<br>किन्हीं तीन प्रश्नो के उत्तर दीजिए।<br>(18.1) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ सलाल बाँध स्थित है।<br>(18.2) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ टिहरी बाँध स्थित है। | **3x1=3**<br><br>**1**<br>**1** |

| | | |
|---|---|---|
| | (18.3) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ हीराकुड बाँध स्थित है।<br>(18.4) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ नागार्जुन सागर बाँध स्थित है। | **1**<br>**1** |
| | **खण्ड ग**<br>**राजनीति – विज्ञान** | **20** |
| 19. | निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और उसके लिए सही पारिभाषिक शब्द का चयन कीजिए।<br>**शासन का प्रमुख लोगों द्वारा चुना हुआ व्यक्ति होगा न कि किसी वंश या राज–खानदान।**<br>A. गणराज्य<br>B. पंथ निरपेक्ष<br>C. प्रभुत्व–संपन्न<br>D. न्याय | **1** |
| 20. | लोकतंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढकर सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>1. एक व्यक्ति, एक वोट एक मूल्य<br>2. कानून का राज और अधिकारों का आदर<br>3. प्रमुख फैसले निर्वाचित नेताओं के द्वारा<br>विकल्प:<br>A. केवल 1<br>B. केवल 2<br>C. केवल 1 व 2<br>D. 1, 2 व 3 सभी | **1** |
| 21. | **सही मिलान** की पहचान कीजिए।<br>A. पिनाशे – जिम्बाब्वे<br>B. फेर्डीनांड मार्कोस – चिली<br>C. परवेज मुर्शरफ – पकिस्तान<br>D. रॉर्बट मुगाबे – फिलीपींस | **1** |
| 22. | निम्नलिखित में से कौन – सा कथन भारतीय संविधान के संदर्भ में **गलत** है?<br>A. भारतीय संविधान समतामूलक समाज की स्थापना पर बल देता है।<br>B. भारतीय संविधान राजतंत्रात्मक शासन पद्वति पर बल देता है।<br>C. भारतीय संविधान अपने नागरिकों में बंधुता के विकास पर बल देता है।<br>D. भारतीय संविधान अपने नागरिकों कों मौलिक अधिकार प्रदान करता है। | **1** |
| 23. | नीचे दिए गए प्रश्न में, दो कथन दिए गए हैं एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन** (A): दक्षिण अफ्रीका में अश्वेत लोगों पर बहुत अत्याचार हुए।<br>**कारण** (R): दक्षिण अफ्रीका के शासक रंगभेद में विश्वास नहीं करते थे।<br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण (R), संकल्पना (A) की सही व्याख्या है। | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण (R), संकल्पना (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | |
| 24. | 2002 में लीगल फ्रेमवर्क आर्डर' किस देश में जारी किया गया था?<br>A. नेपाल<br>B. पाकिस्तान<br>C. म्यांमार<br>D. श्रीलंका | 1 |
| 25. | "लोकतंत्र निर्णय लेने की गुणवत्ता में सुधार करता है।" उपयुक्त तर्कों के साथ इस कथन की पुष्टि कीजिए। | 2 |
| 26. | लोकतंत्र की तीन मुख्य विशेषताएँ बताइए। | 3 |
| 27. | **(a)** भारतीय संविधान के बुनियादी मूल्यों की व्याख्या कीजिए।<br>अथवा<br>**(b)** किसी भी लोकतांत्रिक देश को संविधान की आवश्यकता क्यों होती है? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए। | 5<br><br>5 |
| 28. | **दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>लोकतंत्र में अंतिम निर्णय लेने की शक्ति लोगों द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के पास ही होनी चाहिए। लोकतंत्र निष्पक्ष एवं स्वतंत्र होना चाहिए ताकि सत्ता में बैठे लोगों के लिए जीत–हार के समान अवसर हों। लोकतंत्र में हर वयस्क नागरिक को एक वोट होना चाहिए और हर वोट का एक समान मूल्य होना चाहिए। एक लोकतांत्रिक सरकार संवैधानिक कानूनों और नागरिक अधिकारों द्वारा खींची लक्ष्मण रेखा के भीतर ही काम करती है।<br><br>**36.1** अनूप के देश में शासक दल चुनावों में धांधली के माध्यम से सता प्राप्त करता है। बताइए क्या आप अनूप के देश को लोकतांत्रिक देश मानेंगे? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए<br>**36.2** आकाश के देश में चुनाव समय पर होते है परन्तु सभी नागरिकों के मत का मूल्य समान नहीं है। बताइए क्या आप आकाश के देश को लोकतांत्रिक देश मानेंगे? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए<br>**36.3** लोकतंत्र के समर्थन में कोई दो तर्क दीजिए। | 4 |
| | खण्ड घ<br>अर्थशास्त्र | 20 |
| 29. | नीचे दिए गए प्रश्न में, दो कथन दिए गए हैं एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन** (A): जापान एक विकसित देश है।<br>**कारण** (R): जापान ने मानव संसाधन पर निवेश किया।<br><br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण (R), संकल्पना (A) की सही व्याख्या है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण (R), संकल्पना (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | |
| 30. | निम्नलिखित मैं से कौन सा गैर?आर्थिक क्रिया का उदहारण है-<br>.A बैंक में काम करना<br>.B अपने बच्चों को पढाना<br>.C बाज़ार में बेचने के लिए सब्जियाँ उगाना<br>.D फैक्ट्री में काम करना | **1** |
| 31. | निम्नलिखित में से कौन सा प्राथमिक क्षेत्रक से संबंधित है-सही विकल्प की पहचान कीजिए ?<br>i. पशुपालन<br>ii. परिवहन<br>iii. खनन<br>iv. बैंकिंग<br>**विकल्प**<br>A. केवल ii और i<br>B. केवल iii और i<br>C. केवल iii और ii<br>D. केवल iv और ii | **1** |
| 32. | मानव पूँजी है, क्योंकि–<br>A. यह अधिक संख्या में उपलब्ध है।<br>B. इसमें ज्ञान और कौशल हैं।<br>C. इसे काम के बदले पैसे मिलते हैं।<br>D. यह सर्वसुलभ है। | **1** |
| 33. | अनूप एक मछुआरा है। बताइए वह अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्र में काम करता है?<br>A. प्राथमिक क्षेत्रक<br>B. द्वितीयक क्षेत्रक<br>C. तृतीयक क्षेत्रक<br>D. चतुर्थक क्षेत्रक | **1** |
| 34. | निम्नलिखित में से क्या कार्यशील पूंजी का उदाहरण है?<br>A. उपकरण<br>B. मशीनें<br>C. कच्चा माल<br>D. भवन | **1** |
| 35. | पालमपुर में की जाने वाली किन्हीं दो आर्थिक गतिविधियों के नाम लिखिए। | **2** |
| 36. | 'भारत के शहरी क्षेत्रों में अधिकांशतः शिक्षित बेरोजगारी पाई जाती है।' कथन के समर्थन में उपयुक्त तर्क दीजिए। | **3** |
| 37. | **(a)** बेरोजगारी को दूर करने हेतू कुछ उपाय बताइए।<br>**अथवा**<br>**(b)** मानव पूंजी के निर्माण में शिक्षा की भूमिका उल्लेख कीजिए। | **5**<br>**5** |

| | | |
|---|---|---|
| 38. | **दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br><br>भारत की हरित क्रांति एक नाटकीय उदाहरण है कि किस प्रकार बेहतर उत्पादन प्रौद्योगिकी के रूप में अधिक ज्ञान रूपी आगत दुर्लभ भूमि संसाधन की उत्पादकता में तीव्र वृद्धि ला सकता है। भारत में सूचना प्रौद्योगिकी में क्रांति एक आश्चर्यजनक उदाहरण है कि भौतिक मशीनरी तथा प्लांट की अपेक्षा मानव पूँजी के महत्व ने किस प्रकार उच्च स्थान प्राप्त कर लिया है।<br><br>**प्रश्न-**<br>**38.1: "हरित क्रांति" क्या है?**<br>**38.2: हरित क्रांति द्वारा समर्थित किसी एक फसल का उल्लेख कीजिए।**<br>**38.3: "हरित क्रांति" को संभव बनाने वाले कारकों की सूची बनाइए।** | 4<br><br><br><br><br><br><br>1<br>1<br>2 |

